BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 11 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# रेड्डी ने अधिकारियों को किसानों की ऋण माफी के लिए प्रक्रिया तैयार करने के दिए निर्देश

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को किसानों के लिए ऋण माफी के कार्यान्वयन के संबंध में प्रक्रियाएं तैयार करने की सलाह दी है।

श्री रेड्डी ने सोमवार को कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ फसल ऋण माफी और अन्य मुद्दों पर समीक्षा बैठक की और इस दौरान उन्होंने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट योजना और प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो लाख रुपए तक के ऋण वाले किसानों के लिए ऋण माफी को लागू करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने उन्हें बैंकरों से ऋणी किसानों का विवरण एकत्र करने और छूट के लिए पात्र लोगों की पहचान करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कर्ज माफी की अंतिम तिथि से संबंधित किसी भी तरह की समस्या से बचने के लिए सावधानी बरतने के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने बैंकों के अलावा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) से फसल ऋण लेने वाले किसानों के बारे में व्यापक डेटा एकत्रित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अधिकारियों को 02 लाख रुपये तक के ऋण माफ करने में शामिल लागतों का विस्तृत अनुमान तैयार करने के लिए कहा गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक स्पष्ट योजना बनाएं और ऋण माफी के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं तैयार करें। यह सुनिश्चित करें कि 15 अगस्त तक फसल ऋण माफ कर दिया जाए। समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, सरकार की प्रमुख सचिव शांति कुमारी और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी शामिल हुए।




# साध्वीश्री शिवमाला जी पंचशील एंक्लेव में पधारीं



**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शासनश्री साध्वीश्री शिवमाला जी आदि ठाणा-4 नगर विचरण के अन्तर्गत सोमवार को पंचशील एंक्लेव अलवाल स्थित सरोज देवी संचेती के निवास स्थान पधारीं।


साथ में सेवा में तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के नव मनोनीत अध्यक्ष सुशील संचेती, सम्पत नोलखा, प्रेम बैगानी, सुरेश भादानी, श्रवण कोठारी, महेंद्र भन्साली, विनय बैद, मयंक संचेती, उज्ज्वल संचेती, महावीर डक, राहुल भादानी, मनोज हिरावत, आसकरण सेठिया, सरोज देवी संचेती, ऊषा बैद, अन्जना देवी भादानी, प्रेरणा कांकरिया, रोशनी संचेती एवं अन्य श्रावक श्राविका समाज उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास के भाई शंकर यादव का निधन

## विभिन्न दलों के नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना, शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढांढस

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूर्व मंत्री और सनतनगर विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव के भाई शंकर यादव (61) का सोमवार तड़के निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज सिकंदराबाद के यशोदा अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उनका निधन हो गया। शंकर यादव वर्तमान में मोंडा मार्केट के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने बोइनपल्ली वेजिटेबल मार्केट एजेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। हमाली एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं को हल करने के लिए बहुत काम किया। शंकर यादव की मौत की खबर मिलते ही मोंडा मार्केट और बोइनपल्ली मार्केट के कई व्यापारी और कार्यकर्ता राधिका कॉलोनी स्थित शंकर यादव के आवास पर पहुंच गए। शंकर यादव के पार्थिव शरीर पर



श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने भाई का शव देखकर तलसानी श्रीनिवास यादव की आंखों से आंसू छलक पड़े।

पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव से कई गणमान्य लोगों ने मुलाकात की। श्रीनिवास यादव के भाई शंकर यादव की मौत की खबर सुनने के बाद वेस्ट मराड पल्ली स्थित शंकर यादव के आवास पर कई लोगों ने उनके शव पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी एवं पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री हरीश राव, एर्राबेल्ली दयाकर राव, महमूद अली, पूर्व डिप्टी स्पीकर पद्मा राव गौड़, एलुरु सांसद पुट्टा महेश कुमार यादव, एमएलसी एग्गे मल्लेशम, विधायक दाना नागेंद्र, कालेरू वेंकटेश, पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव, रावुला चंद्रशेखर रेड्डी, पूर्व एमएलसी श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व निगम अध्यक्ष एरोला श्रीनिवास, अनिल कुर्माचलम, रजनी साईचंद, मेडे राजीव सागर, बीआरएस के वरिष्ठ नेता दासोजू श्रवण, गद्दाम श्रीनिवास यादव, छावनी विधायक श्री गणेश, बीआरएस प्रभारी निवेदिता, भाजपा नेता चिकोटी प्रवीण, बीआरएस नेता मुथा जयसिम्हा, रामबाबू यादव, ग्रंथालय संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रसन्ना, यादव संघ के नेता राजाराम यादव, गोवर्धन यादव, बीसी संघ के नेता कोंडुरु सत्यनारायण, नगरसेवक हेमलता, टी. माहेश्वरी, हेमा, पूर्व नगरसेवक नमना सेशुकुमारी, अथिली अरुणा गौड़, विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न दलों के नेताओं ने शंकर यादव को श्रद्धांजलि दी और शोक व्यक्त किया।

# पार्टी तय करेगी कि मुझे कौन सी जिम्मेदारी निभानी है : ईटेला राजेंदर

## हर राज्य की अलग-अलग जरूरते होती हैं हर सांसद को मंत्री नहीं बनाया जा सकता

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 10 जून (एजेंसियां)।**



मल्काजगिरी लोकसभा क्षेत्र से संसद सदस्य चुने गए भारतीय जनता पार्टी के नेता ईटेला राजेंदर ने कहा कि पार्टी उनकी भूमिका और जिम्मेदारी पर फैसला करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के रविवार शाम के शपथ ग्रहण समारोह के बारे में मीडिया से बात करते हुए ईटेला राजेंदर ने कहा, जब पीएम नरेंद्र मोदी और कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली तो जश्न भव्य था। भारत विभिन्न राज्यों, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों सहित विशाल विविधता वाला एक विशाल देश है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच साल में देश को सफलता मिलेगी।

मोदी 3.0 कैबिनेट का हिस्सा नहीं बनने के सवाल का जवाब देते हुए राजेंद्र ने कहा, मैंने इसके बारे में कुछ भी उम्मीद या इच्छा नहीं की थी, क्योंकि हर सांसद कैबिनेट मंत्री नहीं बन सकता। हर राज्य की अलग-अलग मांगें हैं जिन पर ध्यान देना जरूरी है। पार्टी प्रत्येक सदस्य को ज़िम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लेती है।

जी किशन रेड्डी, जिन्हें कल पीएम मोदी के केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था, के साथ अपनी मुलाकात पर भाजपा सांसद ने कहा, मैंने उन्हें फिर से कैबिनेट का हिस्सा बनने के लिए बधाई दी। कैबिनेट में शामिल होने की अटकलों पर राजेंद्र ने कहा, मैं अपनी भूमिका तय नहीं कर सकता। विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग भूमिकाएं सौंपना हमारी पार्टी की ज़िम्मेदारी है। पार्टी तय करेगी कि मुझे कौन सी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा ने अनाथ बच्चों में वितरित किया अल्पाहार




**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा अनाथ बच्चों में अल्पाहार का वितरण किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय प्रकल्प जनसेवा के तहत मौंडा मार्केट स्थित आश्रिता बॉयज होम के बच्चों को अल्पाहार वितरित किया गया। बच्चों को भेंट स्वरूप खाना खाने की स्टील की थाली दी गई एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष शशि नाहर, रक्तदान संयोजक पूनम बोहरा, वीणा जैन, नेहा जैन, पुष्पा कोठारी, वंदना दुग्गड, युवान जैन, निशि जैन, जीवा डाबरिया, शनाया जैन, साक्षी नाहर का सहयोग रहा। पूनम बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नि:शुल्क अस्थमा आयुर्वेदिक शिविर सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आयुर्वेदा सर्विसेस द्वारा मृगशिरा नक्षत्र में डॉ. एम पी शर्मा एवं डॉ. राजेन्द्र दाधीच के कुशल नेतृत्व में नि:शुल्क अस्थमा शिविर का आयोजन बीती शनिवार को गांधी ज्ञान मंदिर कोठी में किया गया। आयोजन में विप्र फाउंडेशन जोन-16 तेलंगाना विशेष सहयोगी संस्था रही। विप्र फाउंडेशन के मंत्री रामदेव नगला ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धन्वन्तरी का पूजन-हवन करके किया गया। पंडित विशाल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन आदि सम्पन्न करवाया। जिसमें विप्र फाउंडेशन के तेलंगाना जोन-16 के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा, मंत्री रामदेव नागला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिनारायण व्यास, राष्ट्रीय मंत्री भगवान व्यास, तेलंगाना के पूर्व अध्यक्ष शिव सागर त्रिवेदी, पूर्व मंत्री महेश अवस्थी, मदनलाल व्यास, हेमलता शर्मा, प्रदीप खंडेलवाल एवं कार्यक्रम सयोंजक लक्ष्मीकांत व्यास ने भाग लिया शिविर में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ. माधवी लत्ता, गोशामहल विधायक टी राजा सिंह, गोविन्द राठी, पूर्व विधायक प्रेमसिंह राठौर, सोहनलाल दायमा, दाहिमा समाज के अध्यक्ष सुरेश गांधी ने भाग लिया। जिनका स्वागत शॉल एवं हार द्वारा किया गया। पिछले 39 वर्षों से लगातार आयुर्वेद सर्विसेस के द्वारा शिविर का अयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अस्थमा रोगियों को नि:शुल्क दवा मृगशिरा नक्षत्र में दी जाती है जिसका लाभ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए रोगियों को प्राप्त होता है। शिविर के आयोजन में विप्र फाउन्डेशन जोन-16 तेलंगाना शाखा विशेष सहयोगी के रूप में सेवाएं देती है ताकि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये रोगियों को असुविधा न हो और समय पर उन्हें दवा मिल सके, इसके लिए सेवार्थ कार्य करता है। डॉ. राज शर्मा, डॉ. सी पी दाधीच, डॉ. श्याम सुंदर तिवारी, डॉ. घिसुलाल जैन द्वारा शिविर में सेवाए प्रदान कि गईं। इस अवसर पर गोविन्द मडी, केशव शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा, भगवती प्रसाद तिवारी, अरविन्द नाराणीया, दिलीप तिवारी, गोपाल डोबा, संदीप शर्मा, मुकेश शांडिल्य, विशाल शर्मा, दिनेश खंडेलवाल, अविनाश शर्मा, घनश्याम तिवारी, केशव तिवारी, पवन दाधीच, दीपक दाधीच, विपुल दाधीच, प्रेम साई, हर्षित जोशी, आदित्या शर्मा, सरला शर्मा, प्रीती शर्मा, जयश्री कडाकिया, कलावती तिवारी, तनूजा व्यास, चंदा काकडा, किरण डोबा, कौशिक अग्रवाल, मधु शर्मा, मायू व्यास, मंथन व्यास, मोहिनी अग्रवाल आदि उपस्तिथ रहे।

# आरपीएफ सिकंदराबाद डिवीजन ने जब्त किए 2.7 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सिकंदराबाद डिवीजन ने नशीले पदार्थों के परिवहन से निपटने के अपने चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस साल अब तक, ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ कर्मियों द्वारा 37 घटनाओं में 2.7 करोड़ रुपए मूल्य के 1,084 किलो नशीले पदार्थ जब्त किए गए।इसी अवधि के दौरान आरपीएफ अधिकारियों ने नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में 36 लोगों को गिरफ्तार किया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में लगभग 770 प्रतिशत जब्ती दर्ज की गई। ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ ने अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के सहयोग से ट्रेनों पर अपनी निगरानी और निरीक्षण तेज कर दिया है और देश भर में हॉटस्पॉट की पहचान की है। इन प्रयासों का उद्देश्य अपने अवैध व्यापार के लिए रेलवे का उपयोग करने वाले नशीली दवाओं के तस्करों के नेटवर्क को नष्ट करना है। साल 2023 में आरपीएफ सिकंदराबाद डिवीजन ने 22.2 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ बरामद किए थे।



सिकंदराबाद की वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देबास्मिता चट्टोपाध्याय बनर्जी ने आरपीएफ टीम के मेहनती प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, नशीले पदार्थ न केवल हमारे युवाओं के स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, अपितु राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और खुशहाली को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं की लत के दूरगामी प्रभाव होते हैं, जो व्यक्तियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। आरपीएफ ने रेल यात्रियों से त्वरित कार्रवाई के लिए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना रेलवे हेल्पलाइन 139 पर देने का आग्रह किया है।

# अग्रवाल समाज एस नगर शाखा की साधारण सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा




**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज एस नगर शाखा की साधारण सभा अध्यक्ष हेमचंद गुप्ता के नेतृत्व में मां संतोष ढाबा सोमाजीगुडा पर संपन्न हुई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की पूजा की गई तत्पश्चात अध्यक्ष हेमचंद गुप्ता ने सभी का स्वागत किया।

मानद मंत्री राकेश अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 की गतिविधियों का विवरण दिया। कोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने साल भर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विशेष सलाहकार ईश्वर बंसल एवं समाज सदस्य संजय अग्रवाल ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

शाखा की सावन की सैर आगामी 5 अगस्त को अयोध्या धाम, काशी विश्वनाथ और प्रयागराज संगम का भ्रमण करते हुए 8 अगस्त को हैदराबाद आएगी।

आने वाले साल के लिए समाज को किस तरह से आगे बढ़ाना है इस विषय पर विशेष चर्चा की गई। सभा में अध्यक्ष हेमचंद गुप्ता, उपाध्यक्ष रविंद्र खेतान, मानद मंत्री राकेश अग्रवाल, सह मंत्री वेद प्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, शाखा के विशेष सलाहकार ईश्वर बंसल, समाज सदस्य मनोज अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सूरजमल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, पूनम चंद अग्रवाल, विकास मोदी, कपिल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, हरेश अग्रवाल, बजरंग गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# तेलंगाना भाजपा प्रमुख नियुक्त किए जा सकते हैं ईटेला राजेंदर

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह पाने के इच्छुक तेलंगाना भाजपा सांसद ईटेला राजेंदर को पार्टी की राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की संभावना है। हाल ही में संपन्न चुनावों में मल्काजगिरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए राजेंद्र को पार्टी नेतृत्व ने नई दिल्ली बुलाया है। पूर्व मंत्री के केंद्रीय मंत्री और पार्टी के शीर्ष नेता अमित शाह से मिलने की संभावना है।

मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने रविवार को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से पुनः निर्वाचित होने के बाद, वह पिछले मंत्रिमंडल के भी सदस्य थे। करीमनगर के सांसद बंडी संजय कुमार ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। हालांकि राजेंद्र और दो अन्य सांसद कैबिनेट में शामिल होने के प्रबल दावेदार थे, लेकिन भाजपा ने किशन रेड्डी और बंडी संजय को मुख्य रूप से उनके लंबे समय से जुड़ाव और उनकी वफादारी के कारण प्राथमिकता दी।



राजेंद्र 2021 में टीआरएस (अब बीआरएस) से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे, जब उन्हें भूमि अतिक्रमण के आरोपों के बाद मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। उन्होंने हुजूराबाद से विधायक का पद भी छोड़ दिया और उसी वर्ष हुए उपचुनाव में जीत हासिल की। हालांकि, नवंबर 2023 के चुनाव में राजेंद्र हुजूराबाद से दोबारा निर्वाचित नहीं हो सके। उन्होंने मल्काजगिरी से लोकसभा के लिए चुनाव लड़ा और 3.91 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से सीट जीती, जो राज्य में भाजपा सांसदों के बीच जीत का सबसे बड़ा अंतर था। यदि राजेंद्र को भाजपा का राज्य प्रमुख नियुक्त किया जाता है, तो वह किशन रेड्डी का स्थान लेंगे, जो पिछले साल जुलाई से इस पद पर हैं। भाजपा में असंतोष के कारण बंडी संजय को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। राजेंद्र उन नेताओं में से एक थे जो कथित तौर पर संजय की कार्यशैली से नाखुश थे। भाजपा ने किशन रेड्डी के नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव लड़े और पार्टी ने 2018 में 119 सदस्यीय विधानसभा में अपनी सीट सिर्फ एक सीट से बढ़ाकर आठ कर ली।लोकसभा चुनाव में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, भगवा पार्टी ने अपनी सीटें दोगुनी कर आठ कर लीं। उसका वोट शेयर भी बढ़कर 35 फीसदी हो गया। अब चुनाव खत्म होने के बाद, भाजपा नेतृत्व पूरे तेलंगाना में संगठन को मजबूत करने के लिए किसी को पूर्णकालिक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। पिछड़े वर्ग के नेता राजेंद्र अपने संगठनात्मक कौशल के लिए जाने जाते हैं और उन्हें अगले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को तैयार करने के लिए सही विकल्प के रूप में देखा जाता है। हाल के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने वादा किया था कि अगर वह सत्ता में आई तो पिछड़े वर्ग के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के चुनाव अभियान के हिस्से के रूप में हैदराबाद में ओबीसी आत्म गौरव (स्वाभिमान) सभा नामक एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित किया था।

# चेन्नूर पेद्दा चेरुवु में मछली पकड़ने के विवाद को जल्द ही सुलझाएंगे : विधायक विवेक



**मंचेरियाल, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
चेन्नुरु विधायक विवेक वेंकटस्वामी ने कोटापल्ली मंडल के नक्कलपल्ली गांव में मरम्मा-सदावलम्मा जतारा में भाग लिया। विधायक ने मरम्मा-सदावलम्मा माता की विशेष पूजा की। ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया।

विधायक विवेक ने नक्कलपल्ली कोटा गुडेम में रोजगार गारंटी योजना से 5 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया। विधायक विवेक ने चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र कैंप कार्यालय में लोगों से कई मुद्दों पर बात की। चेन्नुरु पेद्दा चेरुवु में मछली पकड़ने को लेकर बेस्टवस और तेनुगु (मुदिराज) जातियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए राज्य मत्स्य पालन आयुक्त से बात करने का वादा किया। जल्द ही समस्या का समाधान मिलने और सभी को न्याय दिलाने का आशा व्यक्त की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में भाग लिया।

# कीटनाशक दवाई का डिब्बा लेकर किसान ने किया आंदोलन



**बेल्लमपल्ली, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मंचेरियाला जिले के नेन्नाला मंडल में आयोजित एक सार्वजनिक संबोधन में एक किसान ने क्रिमिसम्हारक दवा की कैन लेकर आंदोलन शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी समस्या पर संबंधित अधिकारी द्वारा ध्यान न दिए जाने पर चिंता जताते हुए अधिकारियों से शिकायत की। विवरण में जाने पर, जनार्दन नाम का एक किसान नेन्नाला मंडल में आयोजित एक सार्वजनिक संबोधन में कीटनाशक की एक कैन लेकर आया। जनार्दन किस्तापुर आईकेपी सेंटर के तहत अपने आम बेचता है। लगभग 1.50 लाख रुपए मिलने चाहिए, उन्हें एक माह से भुगतान नहीं किया गया है। अधिकारी चाहे कितनी भी बार घूमें, उन्हें कोई परवाह नहीं है। इससे आहत जनार्दन कीटनाशक की डिब्बी लेकर आ गया और विरोध करने लगा।

# रेवंत ने तेलुगु राज्यों के मंत्रियों से पुनर्गठन अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए काम करने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के केंद्रीय मंत्रियों से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के प्रावधानों को लागू करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे दोनों तेलुगु राज्यों के लिए केंद्र से धन, योजनाएं और परियोजनाएं प्राप्त करने के प्रयास करने का भी अनुरोध किया।

रेवंत रेड्डी ने रविवार रात केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले जी. किशन रेड्डी, बंडी संजय कुमार, के. राम मोहन नायडू, पेम्मासानी चंद्र शेखर, भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा को बधाई दी। जहां किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार तेलंगाना से भाजपा सांसद हैं, वहीं वर्मा पड़ोसी राज्य



आंध्र प्रदेश से भाजपा सांसद हैं। राम मोहन नायडू और चंद्र शेखर आंध्र प्रदेश से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भाजपा के बाद टीडीपी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

इस बीच, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आपको और एनडीए सरकार में आपके सहयोगियों को हमारे महान राष्ट्र के लोगों की सेवा में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। एक अन्य वरिष्ठ बीआरएस नेता टी. हरीश राव ने भी एनडीए सरकार में शामिल हुए नवनियुक्त मंत्रियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कागा किशन रेड्डी को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और बंडी संजय को राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं। पूर्व मंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आपका कार्यकाल सफल और फलदायी हो, जिससे तेलंगाना में महत्वपूर्ण धन और प्रभावशाली परियोजनाएं आएं, राज्य में विकास और समृद्धि आए।

# दमरे महाप्रबन्धक अरुण कुमार जैन ने की ट्रेनों की सुरक्षा और समयपालन की समीक्षा



**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) महाप्रबन्धक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में दक्षिण मध्य रेलवे पर ट्रेन सेवाओं की सुरक्षा और समयपालन पर समीक्षा बैठक की। आर. धनंजयुलु, अपर महाप्रबंधक, दमरे ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लिया। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।


अरुण कुमार जैन ने जोन पर ट्रेन परिचालन की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और स्टेशन मास्टर, स्थायी मार्ग रखरखाव स्टाफ आदि जैसे रनिंग स्टाफ को नियमित रूप से परामर्श देने की सलाह दी। उन्होंने इंजीनियरिंग, मैकेनिकल और सिग्नलिंग उपकरण आदि से संबंधित सुरक्षा वस्तुओं की उपलब्धता पर भी समीक्षा की।

इसके अलावा, महाप्रबंधक ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को समयपालन में सुधार करने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को कुछ क्षेत्रों में देरी के कारण की पहचान करने और उसे सुधारने के लिए गहन विश्लेषण करने का निर्देश दिया। उन्होंने गति प्रतिबंध लगाने की भी समीक्षा की और अधिकारियों को ट्रेनों की औसत गति में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी। अरुण कुमार जैन ने चालक दल के काम के घंटों पर भी चर्चा की और सभी मंडल रेल प्रबंधकों को चालक दल के सदस्यों को उचित आराम देने की सावधानीपूर्वक योजना बनाने का निर्देश दिया।

# सरकारी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रवीण कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

## संभागीय जांच अधिकारी चक्रपाणि को एबीवीपी ने सौंपी याचिका

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार ने की निलंबन की मांग



**बेल्लमपल्ली, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बेल्लमपल्ली सरकारी डिग्री कॉलेज में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के खिलाफ हालिया अभियान और सत्ता के दुरुपयोग को लेकर प्रिंसिपल प्रवीण पर एबीवीपी प्रदेश कार्यकरणी सदस्य दीपक ने कड़ी निंदा की। विभागीय जांच अधिकारी के रूप में आए आईडी कॉलेज के प्राचार्य चक्रपाणि को याचिका दायर कर कहा कि टीएस प्रवीण कुमार (एफएसी) के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे प्राचार्य के रहते छात्र शिक्षा से दूर होंगे। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति फॉर्म और बस पास फॉर्म पर हस्ताक्षर करने आये छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें कॉलेज आने से डराया गया। इसलिए बेल्लमपल्ली डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. टीएस प्रवीण कुमार (एफएसी) को तत्काल निलंबित करने और कार्रवाई की मांग की ताकि भविष्य में कोई प्रिंसिपल इस तरह का दुर्व्यवहार न करे।

# तेलंगाना में अगले तीन दिन में बारिश और तूफान के आसार



**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले तीन दिनों के दौरान बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं।मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है। राज्य में एक या दो स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश हुई। राज्य रविवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान आदिलाबाद जिले में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 107 किलो नकली कपास के बीज जब्त : रामगुंडम सीपी श्रीनिवास



**मंचेरियाल, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
रामागुंडम पुलिस कमिश्नरेट के टास्क फोर्स पुलिस ने मिलावटी और नकली बीजों की तस्करी को जड़ से खत्म करने और किसानों के साथ खड़े होने के उद्देश्य से छापेमारी की। विश्वसनीय जानकारी के अनुसार सोमवार टास्क फोर्स इंस्पेक्टर संजय, एसआई उपेन्द्र, भीमारम एसआई रामुलु, भीमारम कृषि अधिकारी मार्क ग्लैडस्टन और टास्क फोर्स के कर्मचारियों ने मंचेरियाल जिले के भीमारम पुलिस के साथ मिलकर सुबह अवाट एक्स पर एक व्यक्ति को तीन बैग के साथ ऑटो का इंतजार करते देखा। रोड पर संदिग्ध लगने पर उसे पकड़ लिया और बैगों की जांच की गई तो एक क्विंटल सात (107 किलो) किलो नकली कपास के बीज मिले।

पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका नाम चंडू नागेश्वर राव है, वह भीमारम में किरायेदारी खेती करता है। वह गुंटूर जिले का मूल निवासी है। उसने कुरनूल में एक अज्ञात व्यक्ति से कम कीमत पर नकली कपास के बीज खरीदे और यहां लाया। मंचेरियाला क्षेत्र के किसानों को ऊंचे दाम पर बेचने के लिए आरटीसी बस से उतरकर यहां ऑटो से ले आया। आरोपी और नकली कपास के बीज को जब्त कर लिया गया और आगे की जांच के लिए भीमाराम पुलिस को सौंप दिया गया।

# हिंदी लेखक संघ की 593वीं साहित्य गोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 593वीं मासिक साहित्य गोष्ठी आर्य कन्या पाठशाला, कंदास्वामी लेन में आयोजित की गई। ठाकुर दिनेश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गोलकोण्डा दर्पण मासिक पत्रिका के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया। श्रुतिकांत भारती और चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर विराजमान थे।

गोष्ठी में हिंदी और संस्कृत की विद्वान साहित्यकार डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने पाश्चात्य संस्कृति और प्रवासी भारतीय विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता उर्दू टीवी आरसी के संपादक सदुल्लाह ख़ान सबील ने की। कवि गोष्ठी में कवियों ने देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर समां बांध दिया। कविता पाठ करने वाले कवियों में प्रकाश राघव, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार गुप्ता, आर. दुर्गाराज पटून, देवकांत पवार, श्रीपूनम जोधपुरी, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, चंपालाल बैद, राजकुमार यादव, जितेंद्र यादव, सुनील मिश्रा, रत्नकला मिश्र, गोविंद अक्षय, सुधा ठाकुर, डॉ. मुमताज सुल्ताना, सदानंद लाल गोगीकार, ठाकुर दिनेश सिंह आदि के नाम सम्मिलित हैं।

डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने पाश्चात्य संस्कृति और प्रवासी भारतीय विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम भारतीय अपनी संस्कृति पर बहुत गर्व करते हैं। अमेरिका में संस्कृति का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अमेरिका एक पश्चिम देश है। उस देश से हमारी दार्शनिकता बिल्कुल अलग है। भारत ने कभी भी धर्मपरिवर्तन पर बात नहीं की है। वहां रंगभेद भी बहुत ज्यादा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में जिस प्रकार का वातावरण है वह विश्व में कहीं भी नहीं है। मेरा देश महान है। हमारी संस्कृति दस हज़ार वर्ष पुरानी है और शिक्षा के क्षेत्र में हमारा देश बहुत आगे है।

प्रथम सत्र के अध्यक्ष ठाकुर निदेश सिंह ने कहा कि डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने जो वक्तव्य प्रस्तुत किया है वह बहुत ही रोचक रहा। अमेरिका के बारे में हमारी जो भ्रांतियां थी उसको नकार दिया। हम भारतीय भी न काले हैं न गोरे लेकिन गेहुंवे रंग के ज़रूर हैं। अमेरिका की संस्कृति से भी हमें बहुत सारी अच्छी चीज़ें सीखने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि श्रुतिकांत भारती ने कहा कि पूरा यूरोप मैं घूमा हूं लेकिन भारतीय संस्कृति बहुत प्यारी है। विदेशियों द्वारा हमारी संस्कृति को मिटाने का प्रयास किया गया है लेकिन वह कभी नहीं मिट पाई, यह हमारे लिए गौरव की बात है। हमारी संस्कृति बहुत गहरी है, इसकी रक्षा करना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है। कवि गोष्ठी के अध्यक्ष व उर्दू टीवी आरसी के संपादक सदुल्लाह ख़ान सबील ने कहा कि कवि गोष्ठी में हिंदी और उर्दू के कवियों ने अपनी बेहतरीन कविताएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया और सभी को आनंदित किया। कवि समाज को आईना दिखाता है। हर कवि का सोचने का एक अलग नज़रिया होता है। उन्होंने सभी कवियों से आग्रह किया है कि कविगण राष्ट्रीय एकता, सद्भावना, बंधुत्व, विश्व शांति, भाईचारा और मोहब्बत को अपनी कविताओं में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर यूनियन बैंक के वरिष्ठ राजभाषा प्रबंधक देवकांत पवार ने कवि गोविंद अक्षय और श्रुतिकांत भारती को यूनियन बैंक की हिंदी गृह पत्रिका यूनियन कोहिनूर की एक एक प्रति भेंट की। अंत में संयोजिका व कवयित्री रत्नकला मिश्र ने सभी लेखकों, कवियों तथा हिंदी प्रेमी श्रोताओं को कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद दिया।

# तेलंगाना सरकार गठित करेगी शिक्षा आयोग

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार विद्यालय और किसानों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए जल्द ही शिक्षा आयोग और कृषि आयोग का गठन करेगी।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को यहां बताया कि सरकार विद्यालयों और किसान समुदायों से सुझाव प्राप्त करने के लिए तैयार है। यहां रवींद्र भारती में वंदे मातरम फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों के 10वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार को आधिकारिक तौर पर ऐसा अच्छा कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए था। यह सरकार के लिए गर्व की बात है कि सरकारी विद्यालय के छात्र निजी संस्थानों की तुलना में अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी सरकारी विद्यालयों में पढ़े हैं। मेरे सहित सभी प्रमुख राजनेताओं ने कभी न कभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई की है।




उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने छात्रों की कमी के कारण एकल शिक्षक वाले विद्यालयों को बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि स्कूलों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान न देने के कारण यह स्थिति बनी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने एकल शिक्षक वाले स्कूलों को बंद नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मेरी सरकार हर गांव और टांडा में शिक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी सरकारी विद्यालयों के भवनों के पुनर्निर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि इन मुद्दों के मद्देनजर राज्य सरकार ने 11,000 शिक्षक पदों को भरने के लिए डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) अधिसूचना जारी की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एकल-शिक्षक स्कूल खुले रहें। सरकार का लक्ष्य दूरदराज के इलाकों, थांडा और गुडेम में स्कूल चलाकर गरीबों, दलितों और आदिवासियों को शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकारी विद्यालयों में छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए प्रोफेसर जयशंकर बड़ी बाटा का कार्यक्रम भी शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सरकारी विद्यालयों का प्रबंधन महिला समूहों को सौंप दिया है और अधिकारियों को ग्रीन चैनल के माध्यम से धन जारी करने का निर्देश दिया है।


उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में अर्ध-आवासीय प्रणाली लागू करने पर विचार कर रही है और एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि आवासीय विद्यालय अभिभावकों और बच्चों के बीच संबंधों को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर खर्च करना खर्च नहीं बल्कि निवेश है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में निवेश से समाज को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 10वीं कक्षा में 10/10 अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के प्रवेश पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी को इंटरमीडिएट में राज्य में रैंक हासिल करने और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं।

# सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भूपालपल्ली जिले के कमलापुर गांव के बाहरी इलाके में रामपुर रोड पर रविवार देर रात्रि विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी जिससे दो युवाओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान आर नरेश (30) और आर प्रमोद (25) के रूप में हुई।

खबरों के मुताबिक, नरेश, प्रमोद और सिद्धू अपने दोपहिया वाहन पर रामपुर गांव जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रमोद ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। सिद्धू को गंभीर चोटें आईं और उनका हनमकोंडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि दोपहिया वाहन को टक्कर मारने वाली कार में सवार व्यक्ति शराब के नशे में था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति नहीं, स्थिति पर प्राथमिकता से विचार करने की जरूरत: भागवत




**नागपुर, 10 जून (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए। यहां रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि विभिन्न स्थानों और समाज में संघर्ष अच्छा नहीं है। उन्होंने चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। 10 साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। चुनावी बयानबाजी से ऊपर उठकर राष्ट्र के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी। तब से अब तक करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि बड़े पैमाने पर आगजनी के बाद हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

इस आगजनी में मकान और सरकारी इमारतें जलकर खाक हो गई हैं। पिछले कुछ दिनों में जिरीबाम से ताजा हिंसा की सूचना आयी हैं।



# कांग्रेस को मजबूत करने का काम करूंगा : पप्पू यादव

**नई दिल्ली, 10 जून (एजेंसियां)।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि प्रियंका गांधी के साथ हमारी मुलाकात हुई।

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस आलाकमान के साथ हम खड़े हैं और भविष्य में भी खड़े रहेंगे। उनका प्यार हमारे साथ है, राष्ट्रीय से राज्य स्तर तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। जनता ने मुझे चार बार निर्दलीय सांसद बनाया है, यह कोई मामूली बात नहीं है। मुझ पर जनता की असीम कृपा थी, जनता ने यह चुनाव लड़ा है। इस चुनाव में पूरी मशीनरी ने हमारे खिलाफ काम किया, लेकिन जनता ने मुझे चुनाव जिताया। कोरोना काल, पटना में आई बाढ़ में भी हम अकेले लड़ रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनाव में मेरे खिलाफ तमाम नेताओं ने पूर्णिया में कैंप किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन दिन पूर्णिया का दौरा किए। तेजस्वी यादव ने मेरे खिलाफ काम किया, मेरे ख़िलाफ प्रत्याशी उतारा, लेकिन जीत हमारी हुई। तेजस्वी यादव अपनी जिद्द पर अड़े रहे, नहीं तो बिहार से कांग्रेस और दस सीटों पर चुनाव जीतती।

तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि शहाबुद्दीन के परिवार को टिकट नहीं दिया गया, कन्हैया कुमार को टिकट नहीं दिया गया। उनके फैसले से देश को कमजोर करने का काम किया गया है। केंद्र की नई सरकार में चिराग पासवान के मंत्री बनने पर उन्होंने कहा कि उन्हें मेरी तरफ से शुभकामनाएं है। वो बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की बात करते थे, अब इस पर काम करें, यही कहना चाहता हूं। नीतीश कुमार को चाहिए था कि वह बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा लेते, अग्निवीर पर फिर से विचार करवाते, विशेष पैकेज लेते, लेकिन आपने एक लाभ तो ले लिया, मंत्रिमंडल में अपने एक नेता को शामिल करा लिया।

# चुनाव हारने में जयचंदों का हाथ, मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण बड़ी वजह – संजीव बालियान



**मुजफ्फरनगर, 10 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से करारी हार के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने बतौर भाजपा सांसद अपने पिछले दस सालों के कार्यकाल में कराए गए बड़े विकास कार्यों के बारे में बात की।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में कुछ और बड़े कार्य हैं, जो अधूरे रह गए हैं। उम्मीद है कि उन्हें अब नवनिर्वाचित सांसद पूरा करने का काम करेंगे। इसके लिए वह उनका पूरा साथ देंगे।

संजीव बालियान ने बताया कि मुजफ्फरनगर तक आरआरटीएस को लाने का उनका प्रयास था, जो मेरठ तक आ चुकी है और जल्द ही चालू होने वाली है। जिसे मुजफ्फरनगर तक लाने की भी कार्ययोजना है, केवल फंड आवंटित होना है। मुजफ्फरनगर में एक मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है, उसे नए सांसद को बनवाना है। साथ ही मुजफ्फरनगर में सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी नहीं है, जो मुजफ्फरनगर में जरूरी है।

उन्होंने कहा कि उनके दस साल के कार्यकाल में उन्हें मुजफ्फरनगर की जनता का भरपूर प्यार और सहयोग मिला है। उसके लिए उन्हें धन्यवाद करते हैं। अपनी हार को लेकर संजीव बालियान ने कहा कि इस हार की वजह मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण और हिंदू वोटरों का मतदान कम होना है। सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम को लेकर भी उन्होंने कहा कि यह बात सबको पता है कि संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया है, खुलकर लड़ाया है। चुनाव हारने में जयचंदों का हाथ है। पार्टी के लोग ही पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का काम पार्टी हाईकमान का है।

# बलौदा बाजार कलेक्टर कार्यालय को उग्र भीड़ ने किया आग के हवाले



**बलौदा बाजार, 10 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में सोमवार को सतनामी समाज के उग्र प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया तथा उसे आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कलेक्टर ऑफिस, जिला पंचायत भवन और तहसील ऑफिस में आगजनी की गई है। आगजनी कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने गये पुलिसकर्मियों से भी मारपीट की गयी। मारपीट की इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इससे पहले सतनामी समाज के प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन करने के लिए कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। इसी दौरान अचाकन प्रदर्शन उग्र हो गया है जिसके बाद उग्र प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर ऑफिस को घेर लिया और आग के हवाले कर दिया। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार के कलेक्टर ऑफिस को हजारों सतनामी समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए घेर लिया। सतनामी समाज का विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया जिसके बाद बेकाबू भीड़ ने कलेक्टर कार्यालय को ही आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कलेक्टर ऑफिस, जिला पंचायत भवन और तहसील ऑफिस में आगजनी की गई है। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो उन्हें पुलिस के साथ ही मारपीट की है। इस मारपीट में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। लंबे समय से प्रशासन से नाराज चल रहे सतनामी समाज के लोग सोमवार को विरोध प्रदर्शन के लिए कलेक्टर ऑफिस पहुंचे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने सुरक्षा घेरे को तोड़ दिया और अंदर जा घुसे। बेकाबू सतनामी समाज के लोगों ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की है। करीब तीन-चार हजार लोग कार्यालय के बाहर इकट्ठा हो गए थे। इस दौरान भीड़ ने कलेक्टर ऑफिस में आग लगाई और साथ ही बाहर खड़ी कई प्रशासनिक गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। आज ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवम गृह मंत्री विजय शर्मा सतनामी समाज की मांग के न्यायिक जांच के आदेश दिए थे। इस आदेश के कुछ घण्टो बाद ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। गौरतलब है कि सतनामी समाज के आस्था के प्रमुख केन्द्र गिरौदपुरी धाम से लगा हुआ महकोनी ग्राम के पास गुरु घासीदास जी के ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमरदास जी के नाम से अमर गुफा स्थित है। जहां पर कई वर्षों से गुरुगद्दी और जैतखाम स्थापित है।

## आगजनी मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी: साय



**रायपुर, 10 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को बलौदा बाजार कलेक्ट्रेट आगजनी मामले में पुलिस महानिरीक्षक और मुख्य सचिव को तलब किया। उन्होंने पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच के भी निर्देश दिए और साथ ही उत्पात मचाने वालों से निपटने के निर्देश भी दिए हैं। इससे पहले श्री साय ने उच्चाधिकारियों से स्थिति की पूरी जानकारी हासिल की और उन्हें उग्र प्रदर्शनकारियों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया।


**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सं. : 07-ओईडब्ल्यू-24-25-सीनियर डीईई-एम-एचवाईबी** PUB/0548

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ रखरखाव/ हैदराबाद** निम्नलिखित निविदाओं के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **अंतिम तिथि 03-07-2024, 15:00 है।** बोलीदाता केवल बंद होने की तिथि एवं समय तक अपनी मूल/ संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं । इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसकी उपेक्षा की जाएगी।

**क्रम. नं. 1. कार्य का विवरण: निविदा संख्या: 07-ओईडब्ल्यू-24-25- सीनियर डीईई-एम-एचवाईबी: हैदराबाद मंडल:** स्टेशन भवनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेटों पर विभिन्न क्षमताओं के 2.742 मेगावाट सौर संयंत्र (रूफटॉप) और हैदराबाद मंडल में 300 किलोवाट क्षमता के भूमि आधारित सौर संयंत्रों का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रु.)** : रु.20,56,06,767/- **पूधरा (रु.)** : 11,78,400/-. **पूरा करने की अवधि** : 4 महीने. **बंद होने की तिथि:** 03-07-2024.

**वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in**

**सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा के पूर्ण विवरणों को देखा जा सकता है :** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/रखरखाव/हैदराबाद का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071.

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता**
**हैदराबाद**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: बी/ई.ईजीएस/05/2024-25, दि. 10-06-2024.** PUB/0549

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्यों के लिए **15:00 बजे तक** तथा नीचे उल्लिखित तिथि तक ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

1. बी/ई.29/1/ईजीएस/09/24-25, दि. 08-06-2024. **कार्य का नाम : विजयवाड़ा डिवीजन** - ईएलएस/बीजेडए- तीन चरण इंजनों (डब्ल्यूएपी7 और डब्ल्यूएजी9) के रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान। विद्युत व्यवस्था। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने. **निविदा मूल्य** (रु.): 36,45,706.52. **पूधरा/बोली सुरक्षा** (रु.): 72,900/- **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **बंद होने की तिथि: 01-07-2024.**

1) संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाकर किसी भी निविदा के लिए कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र नोट कर लें।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत),**
**विजयवाड़ा**
A0698

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,500/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 91,060/- (प्रति किलोग्राम)

## कार्टून कॉर्नर




## शेयर मार्केट



बीएसई : 76,490.08
-203.28 -0.27% ↓

एनएसई :23,259.20
-30.95 (-0.13%) ↓


शुभ लाभ Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No.6947404P Nk Bhola Sing of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my father name is to be changed from **SHUDER SINGH** to **SUDHIR SINGH.**

**CHANGE OF NAME**
I, SUJATHA Spouse of Army No.6941586X Hav KARAKAVALASA RAMESH BABU, R/o. Vill:Gopalapuram, Po:Labara, Teh:Pathapatnam, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532213 have changed my name from **SUJATHA** to **KARAKAVALASA SUJATHA** vide affidavit dt:10-6-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, JAYSHREE KAPADNIS Spouse of Service No.JC 779928P Ex.Nb Sub Late THOKE RAHUL SHIVAJI, R/o.RH No.F-3, Yamuna Row House, Plot No.17, Narhari Nagar, PatharadiPhta, Near Mahada Building, Nashik-422008 have changed my name from **JAYSHREE KAPADNIS** to **JAYASHREE RAHUL THOKE** vide affidavit dt:10-6-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

# तेलंगाना सरकार राज्य की सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करेगी

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने कथित तौर पर 436 किलोमीटर लंबी राज्य सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करने का फैसला किया है। सड़क एवं भवन अधिकारी मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के तौर-तरीकों पर काम कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, आमतौर पर मानसून शुरू होने से पहले सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण राज्य सरकार मरम्मत के लिए टेंडर को अंतिम रूप नहीं दे सकी। केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत केंद्र सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य को 850 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। हालांकि, पिछले साल राज्य में विधानसभा चुनाव के कारण केंद्र से धन प्राप्त होने के बावजूद काम को अंतिम रूप देने का कोई अवसर नहीं मिला। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई और आदर्श आचार संहिता के कारण अधिकारी टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दे सके। अब जबकि लोकसभा चुनाव



खत्म हो गए हैं, अधिकारियों ने राज्य भर में सड़कों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार किए हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकारी इस महीने के अंत तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों प्राप्त निविदाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है और जुलाई के पहले सप्ताह में काम शुरू होने की संभावना है।

सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कथित तौर पर अधिकारियों से निविदाओं की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने को कहा है। उन्होंने कथित तौर पर अधिकारियों को राज्य की सड़कों के रखरखाव और मरम्मत के काम को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने राज्य के सभी जिलों में सड़कों की मरम्मत के लिए सीआरआईएफ फंड खर्च करने का फैसला किया है।

इस बीच, नियमित मरम्मत और रखरखाव के काम के अभाव में राज्य की कई सड़कों पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ पैच बन गए हैं। राज्य भर में ऐसी सड़कों से गुजरते समय यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश भी यात्रियों को परेशान कर रही है। मानसून के मौसम में राज्य में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है, ऐसे में भारी बारिश और जलभराव के कारण सड़कों का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की संभावना है।

# मंत्री श्रीधर बाबू ने एटीए सेमिनार में आईटी और उद्योग विकास के दृष्टिकोण को रेखांकित किया

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने रविवार को अमेरिका के अटलांटा में एटीए बिजनेस सेमिनार में भाग लेते हुए नवाचार को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आईटी और उद्योग क्षेत्रों के सतत विकास के लिए तेलंगाना में एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया।



श्रीधर बाबू ने कहा कि सरकार हैदराबाद और तेलंगाना में छोटे और मध्यम उद्यमों को आमंत्रित करके विकास को समावेशी बनाने का इरादा रखती है और इसे बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रखना चाहती। सेमीकंडक्टर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनाना योजना का एक और हिस्सा था।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद, एक भी कंपनी इकाई स्थापित करने के लिए आगे नहीं आई है और कहा कि सरकार स्थिति को सुधारने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के आसपास सरकारी नीतियों में सुधार किया जा रहा है। हैदराबाद को दुनिया की कृत्रिम बुद्धिमत्ता राजधानी बनाने की दृष्टि से एक एआई शहर की स्थापना एक और फोकस क्षेत्र था। मंत्री ने कहा, सरकार ने एआई विकास को गति देने और मध्यम स्तर तथा छोटी कंपनियों को समर्थन देने के लिए 200 एकड़ जमीन आवंटित की है।

श्रीधर बाबू ने तेलंगाना की विकास गाथा में भाग लेने के लिए व्यापारिक नेताओं को आमंत्रित किया, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, और पूर्ण समर्थन का वादा किया। उन्होंने सितंबर में हैदराबाद में आयोजित होने वाले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में अमेरिकी भारतीय प्रवासियों को भी आमंत्रित किया।

# आदिलाबाद जिले में खरीफ कपास का रकबा बढ़ने की उम्मीद



**आदिलाबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सोयाबीन की जगह कपास की खेती में किसानों की दिलचस्पी बढ़ने से आदिलाबाद जिले में खरीफ के दौरान कपास की खेती का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। मानसून की बारिश के बाद किसानों ने कपास के बीज बोना शुरू कर दिया है। अनुमान है कि जिले में पिछले साल 4.16 लाख एकड़ के मुकाबले इस बार 4.5 लाख एकड़ में कपास के बीज बोए जाएंगे। अविभाजित आदिलाबाद जिले में कपास की खेती का रकबा करीब 18 लाख एकड़ है। कृषि विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उन्हें कपास की खेती के रकबे में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, क्योंकि किसानों ने सोयाबीन की जगह कपास की खेती की है, क्योंकि उन्हें सोयाबीन के लिए उचित मूल्य नहीं मिल रहा था।

लंबे इंतजार के बाद किसान कपास के अन्य किस्म के बीज बोने के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। आदिलाबाद के किसानों ने रासी 659 किस्म के कपास के बीज पर जोर दिया। यह जिला कपास की खेती के लिए मशहूर है और तेलंगाना में कई जिनिंग और प्रेसिंग उद्योग हैं। केंद्र ने 2023 में कपास के लिए 7,020 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य की पेशकश की थी और कपास किसानों को इस साल इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। पिछले वर्ष बाढ़ के कारण खड़ी फसलों को हुए नुकसान के कारण कपास किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय मानव तस्करी जांच में 24 शिशुओं को बचाया

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतरराज्यीय मानव तस्करी के मामलों कीजांच कर रही विशेष पुलिस टीमों ने छह और शिशुओं को बचाया है, जिसके बाद अब तक बचाए गए शिशुओं की संख्या 24 हो गई है। शिशुओं को शिशु विहार में स्थानांतरित कर दिया गया है।

टीजी की पुलिस टीमें अन्य राज्यों की स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रैकेट के कथित सरगना किरण और कन्नैया की तलाश कर रही हैं। उन्होंने अन्य राज्यों के एक दर्जन से अधिक ऐसे सरगनाओं की पहचान की है, जिनसे वे पता लगाएंगे कि 24 शिशुओं का अपहरण किया गया था या उन्हें खरीदा गया था। पुलिस ने खुलासा किया कि वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या इसमें आईवीएफ एंगल है।बचाव अभियान के दौरान दो दिन पहले गिरफ्तार किए गए कुछ तस्करों ने बताया कि उन्होंने किरण और कन्नैया को नहीं देखा है, बल्कि उनके नाम सुने हैं। उन्होंने पुलिस के सामने यह भी कबूल किया कि वे आदतन मानव तस्कर हैं और पिछले छह से सात



सालों से इस पेशे में हैं।

पुलिस ने झूठे दावों से बचने के लिए छह अन्य शिशुओं के डीएनए नमूने एकत्र किए हैं, ताकि उनका मिलान उनके आनुवंशिक माता-पिता से किया जा सके। तब तक बचाए गए शिशुओं को शिशु विहार में रखा जाएगा।किरण के दिल्ली और कनैया के पुणे से होने की जानकारी मिलने के बाद टीमों ने दिल्ली, पुणे, मुंबई और अन्य राज्यों में अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अब तक टीजी, एपी, पुणे और दिल्ली के विभिन्न जिलों से 24 शिशुओं को बचाया जा चुका है।

मेडिपल्ली पुलिस और अपराध, आईटी और कानून व्यवस्था पुलिस की जोनल टीमों के साथ-साथ राचकोंडा की स्पेशल ऑपरेशन टीम (एसओटी) सहित अतिरिक्त पुलिस टीमें मुख्य आरोपी किरण और कन्नैया की तलाश कर रही हैं।

मेडिपल्ली पुलिस सीमा के अंतर्गत अक्षरा ज्योति फाउंडेशन रामा कृष्णनगर, पीरजादीगुडा द्वारा 22 मई को पकड़ी गई स्थानीय तस्कर ए शोभा रानी को दो दिन पहले तक सरगना माना जा रहा था। बाद में छह शिशुओं को बचाने वाली पुलिस टीमों को पता चला कि किरण और कनैया अंतरराज्यीय रैकेट के असली सरगना हैं।

हमारे अधिकारी मामले पर काम कर रहे हैं और जल्द ही हम इसका पर्दाफाश कर देंगे, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया।

# वायुसेना अकादमी में स्नातक परेड की समीक्षा करेंगे एयर चीफ मार्शल

**हैदराबाद, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वायु सेना अकादमी (एएफए), डुंडीगल, हैदराबाद में 213 अधिकारियों के पाठ्यक्रम की कम्बाइंड ग्रेज-एशन परेड (सीजीपी) 15 जून 2024 को पारंपरिक सैन्य भव्यता के साथ भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिए आयोजित की जाएगी। वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी परेड के समीक्षा अधिकारी (आरओ) होंगे।

समारोह के दौरान समीक्षा अधिकारी (आरओ) स्नातक प्रशिक्षुओं को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान करेंगे। इस समारोह में फ्लाइट कैडेट्स, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और मित्र देशों के अधिकारियों को मविंग्सफ प्रदान करना शामिल है, जो सफलतापूर्वक अपना उड़ान प्रशिक्षण पूरा करेंगे।

प्रशिक्षण की एक कठिन अवधि की परिणति होने के नाते, यह अवसर किसी भी सैन्य एविएटर के करियर में सबसे महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है।

फ्लाइंग ब्रांच का फ्लाइट कैडेट, जो ऑर्डर-ऑफ-मेरिट में प्रथम स्थान पर आता है, उसे समग्र प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए चीफ ऑफ द एयर स्टाफ मस्वॉर्ड ऑफ ऑनरफ तथा राष्ट्रपति की पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा।

इस फ्लाइट कैडेट को परेड की कमान संभालने का भी सौभाग्य प्राप्त है। समीक्षा अधिकारी (आरओ) ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के बीच समग्र ऑर्डर-ऑफ-मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रशिक्षु को राष्ट्रपति की पट्टिका भी प्रदान करेंगे। पिलाटस पीसी-7 एमके-11, डोर्नियर, हॉक, किरण और चेतक विमानों की संरचनाओं द्वारा एक रोमांचक फ्लाई पास्ट, साथ ही पिलाटस पीसी-7 एमके-2, एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम द्वारा एरोबैटिक शो कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड (सीजीपी) के समापन का प्रतीक होंगे।

भारतीय वायुसेना का प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान एएफए भारतीय वायुसेना के पायलटों, ग्राउंड ड्यूटी और तकनीकी अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का उद्गम स्थल है। अकादमी औपचारिक रूप से तब अस्तित्व में आई जब भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने 11 अक्टूबर, 1967 को इसकी आधारशिला रखी। इस अकादमी में प्रशिक्षण का उद्देश्य सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना और हर शाखा के अधिकारियों के बीच स्वस्थ बातचीत को प्रोत्साहित करना है।

## 14 जून को जारी होगी नगरीय निकाय के रिक्त सदस्यों हेतु उप निर्वाचन की अधिसूचना

**लखनऊ 10 जून।** राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के पश्चात यूपी की नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त पदों,स्थानों पर उप निर्वाचन कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश 14 जून को अधिसूचना जारी करेगा जिसके अनुक्रम में जिलामजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सार्वजनिक सूचना 15 जून को निर्गत की जायेगी।

# दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर अरब सागर की ओर बढ़ा

**अमरावती, 10 जून (एजेंसियां)।** दक्षिण-पश्चिम मानसून सोमवार को उत्तर अरब सागर और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों की ओर आगे बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण पश्चिम मानसून के उत्तरी अरब सागर के कुछ हिस्सों, दक्षिण गुजरात के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं और अगले दो दिनों के दौरान महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में यह आगे बढ़ेगा।

इसके प्रभाव से 11 जून को रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर और 13 जून को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में भारी बारिश हो सकती है।

अगले पांच दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अगले सात दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में एक या दो स्थानों पर, रायलसीमा में कुछ स्थानों पर बारिश हुई और यानम में आमतौर पर शुष्क मौसम बना रहा।

# खेतिहर मजदूर संघ के संघर्ष के कारण मनरेगा कानून बना : शिवदासन

**कागजनगर, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद जिले से तेलंगाना कृषि मजदूर संघ के जिला महासचिव मुंजम आनंद कुमार ने हैदराबाद के सुंदरैया विज्ञान केंद्र में ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के कार्यान्वयन-चुनौतियां विषय पर आयोजित राज्य सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता जी नागैया ने की। राज्य सम्मेलन में अखिल भारतीय खेत मजदूर संघ के सहायक सचिव शिवदासन सांसद (राज्यसभा) ने कहा कि खेतिहर मजदूर संघ के संघर्ष के परिणामस्वरुप महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार




गारंटी कानून बना। वामपंथी दलों ने संसद में 100 दिन में काम की गारंटी का कानून बनाया और इसका श्रेय वामपंथी दलों को है। उन्होंने कहा कि देश में 20 करोड़ 20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सीधे रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में रोजगार गारंटी अधिनियम की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। तेलंगाना राज्य सरकार की मंत्री सीताक्का ने कहा कि तेलंगाना राज्य में उपाय अधिनियम की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सभी की है और हम उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे और अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय महासचिव बी वेंकट ने राज्य में रोजगार गारंटी की रक्षा के लिए भविष्य में संघर्ष करने की बात कही। आर वेंकट रामुलु कृषि मजदूर संघ के राज्य महासचिव जी नागय्या, कृषि मजदूर संघ के राज्य अध्यक्ष बी. प्रसाद, स्टेट स्टेयर्स एसोसिएशन के सचिव और अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षकों के तबादले और पदोन्नति पारदर्शी तरीके से की जाए : टीएसयूटीएफ

**कागजनगर, 10 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** टीएसयूटीएफ कुमरमभीम जिला शाखा ने सोमवार को पीएस एचएम पदोन्नति के लिए माध्यमिक ग्रेड शिक्षक प्रमाणपत्र परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। जो जिला मुख्यालय के जिला परिषद हाई स्कूल जनकपुर



में आयोजित किया जा रहा है।

इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी पारशी अशोक को स्थानांतरण एवं प्रोन्नति को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने तथा बिना किसी अनियमितता के प्रक्रिया को सुचारू रूप से जारी रखने का अनुरोध किया गया। यह भी कहा गया कि केजीबीवी कर्मचारियों का नवीनीकरण समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुख्य सचिव वैद्य शांति कुमारी, सोयम इंदु राव, उपाध्यक्ष हेमंत शिंदे, कोषाध्यक्ष थंगडीपल्ली रमेश, जादव सुभाष और अन्य ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.